जल संरक्षण बना लक्ष्य तो तर हो गए सूखे तालाब

पुष्पेंद्र कुमार • नई दिल्ली

दिल्ली, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में गिरते भूजल स्तर को 50 तालाबों के पुनर्जीवन से तीन साल में खासी तरलता मिली है। दैनिक जागरण के तालाब बचाओ अभियान की इसमें अहम भागीदारी रही है। मुहिम में जुटे रामवीर तंवर बताते हैं कि दिल्ली-एनसीआर में चार दशक पहले कई कालोनियों में दो-तीन तालाब हुआ करते थे। से अर्थ संस्था के माध्यम से भूजल बचाने के लिए ऐसी कालोनी व गांवों को चिन्हित किया जहां पहले से तालाब थे। तालाब के लिए कोई भी बजट देने को तैयार नहीं था। संस्था के सदस्यों ने आपस में रुपये एकत्रित कर उपकरण खरीदे और तालाब की खोदाई की। बिना किसी साधन व सुविधा के 12 दिन में गाजियाबाद के मकनपुर में तालाब तैयार किया। इसके आधार पर कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी व कई अन्य सामाजिक संस्थाओं से मदद ली। वर्ष 2020 में



गाजियाबाद में 'से अर्थ' संस्था के सहयोग से साफ किए गए तालाब में भरा पानी • सौ. संस्था

गाजियाबाद में दैनिक जागरण की तालाब बचाओ मुहिम के बाद नगर आयुक्त ने तालाबों की सफाई का कार्य से अर्थ संस्था को सौंपा। जानकारी करने पर नगर निगम क्षेत्र में दस्तावेजों में 46 तालाब का पता चला था लेकिन जब जांच की गई तो इनमें से 14 तालाब पर पूरी तरह से अतिक्रमण मिला। ऐसे में अन्य 32 तालाबों की सफाई के लिए कार्य किया गया। इनमें से 20 तालाब की सफाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। छह तालाब का जीर्णोद्धार सीएसआर फंड के माध्यम से किया गया।

इनपुट: गाजियाबाद से अभिषेक सिंह